**NEWS CLIPPING: 25, 26 & 27.01.2017**

**DAINIK BHASKAR**

**कार्यशाला** | इंडस्ट्रियल ऑटोमेशन पर आयोजित पांच दिवसीय कार्यशाला के समापन पर बोले प्रो. दिनेश कुमार-

# विद्यार्थी अध्ययन को प्रयोगात्मक बनाएं

भास्कर न्यूज | फरीदाबाद

वाईएमसीए यूनिवर्सिटी में इंडस्ट्रियल ऑटोमेशन तकनीक पर चल रही पांच दिनी कार्यशाला संपन्न हो गई। कार्यशाला में विद्यार्थियों को नवीनतम तकनीक के बारे में जानकारी दी गई।

इस दौरान कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने विद्यार्थियों को नए अनुसंधानों के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम पर आधारित शिक्षा से बाहर निकलते हुए अपनी सोच का दायरा बढ़ाना चाहिए और इंजीनियरिंग के क्षेत्र में प्रतिदिन हो रहे नए अनुसंधानों की दिशा में कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी अपने अध्ययन को प्रयोगात्मक बनाएं और प्रयोगशाला में कार्यों को अधिक समय दें। इस मौके पर संकायाध्यक्ष प्रो. संदीप ग्रोवर तथा कुलसचिव डॉ. संजय कुमार शर्मा भी मौजूद थे। उक्त कार्यशाला इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के विभागाध्यक्ष प्रो. राजेश कुमार आहूजा की देखरेख में हुई। प्रो. आहूजा के अनुसार कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों को विद्युत उद्योग में प्रयुक्त हो रही नवीनतम प्रणाली को लेकर जागरूक बनाना है। उन्होंने कहा विद्युत क्षेत्र में स्वचालित तकनीक जैसे पीएलसी, एचएमआई और एससीएडीए का उपयोग निरंतर बढ़ा है।

इस विषय से जुड़े इंजीनियर्स को तकनीकों का व्यावहारिक ज्ञान होना बेहद जरूरी है। कार्यशाला के दौरान विद्यार्थियों ने पीएलसी, एचएमआईव एससीएडीए तकनीक पर आधारित प्रोजेक्ट पर भी कार्य किया।

विद्यार्थियों ने कार्यशाला के दौरान औद्योगिक विशेषज्ञों से तकनीकी समस्याओं पर चर्चा कर उनका समाधान भी जाना। समापन पर कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए। कार्यशाला का संचालन डॉ. रश्मि अग्रवाल तथा डा. अंजू गुप्ता ने किया। अंत में प्रो. राजेश आहूजा ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत कर कार्यशाला में योगदान देने के लिए औद्योगिक विशेषज्ञ रवि मुखीजा, मुकेश तथा विभाग के संकाय सदस्यों का धन्यवाद किया।



फरीदाबाद. वाईएमसीए में विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान करते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार।

## चार शोधार्थियों को मिलेगी पीएचडी डिग्री

वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी यूनिवर्सिटी ने चार शोधार्थियों को पीएचडी की डिग्री प्रदान करने के लिए पात्र घोषित किया है। इनमें तीन मैकेनिकल इंजीनियरिंग और एक प्रबंधन अध्ययन से है। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने सभी शोधार्थियों से आह्वान किया है कि वे विज्ञान एवं अनुसंधान को बढ़ावा देने व शोध की गुणवत्ता की दिशा में कार्य करें। उन्होंने कहा प्रत्येक शोधार्थी को कम से कम एक शोध परियोजना पर अवश्य काम करना चाहिए। कुलसचिव डा. संजय कुमार शर्मा के अनुसार परीक्षक मंडल तथा रिसर्च डिग्री कमेटी की सिफारिश के आधार पर जिन शोधार्थियों को पीएचडी डिग्री के लिए पात्र घोषित किया गया है, उनमें मैकेनिकल इंजीनियरिंग से नीरज शर्मा, विनीत जैन व राजेश कुमार और प्रबंधन अध्ययन से राजीव सिधवानी शामिल हैं।

**NEWS CLIPPING: 25, 26 & 27.01.2017**

**PUNJAB KESARI**

# 4 शोधार्थियों को मिलेगी पी.एचडी डिग्री

फरीदाबाद, 24 जनवरी (पंकेस): वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय द्वारा चार शोधार्थियों को पी.एचडी की डिग्री प्रदान करने के लिए पात्र घोषित किया गया है। पात्र शोधार्थियों में 3 मैकेनिकल इंजीनियरिंग तथा एक प्रबंधन अध्ययन से है। इस संबंध में विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक कार्यालय द्वारा अधिसूचना जारी कर दी गई है। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने सभी सफल शोधार्थियों को उनकी उपलब्धि पर शुभकामनाएं दी। प्रो. कुमार ने सभी शोधार्थियों से आह्वान किया कि वे विज्ञान एवं अनुसंधान को बढ़ावा देने तथा शोध की गुणवत्ता की दिशा में कार्य करें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक शोधार्थी को कम से कम एक शोध परियोजना पर अवश्य काम करना चाहिए। कुल सचिव डॉ. संजय कुमार शर्मा ने भी सभी सफल शोधार्थियों को शुभकामनाएं दी है। परीक्षक मंडल तथा रिसर्च डिग्री कमेटी की सिफारिशों के आधार पर जिन शोधार्थियों को पी.एचडी डिग्री के लिए पात्र घोषित किया गया है।

पंजाब केसरी ई-पेपर Wed, 25 January 2017
epaper.punjabkesari.in//c/16643264

**DAINIK BHASKAR**

# सेमिनार में विदेशों में उच्चतर शिक्षा के अवसरों की दी जानकारी

**फरीदाबाद** | वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के करियर परामर्श प्रकोष्ठ ने विद्यार्थियों को विदेशों में उच्चतर शिक्षा के अवसरों की जानकारी देने के उद्देश्य से सेमिनार का आयोजन किया। इसमें उच्चतर शिक्षा में विकल्प तथा अवसरों की जानकारी दी गई। विद्यार्थियों को विदेशी शिक्षण संस्थानों में दाखिले की पात्रता, प्रक्रिया तथा भविष्य में रोजगार के अवसरों की जानकारी दी गई। यह सेमिनार करियर परामर्श प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डा. अरविंद गुप्ता की देखरेख में आयोजित किया गया। जेमबोरी एजूकेशन के महाप्रबंधक हरप्रीत सिंह ने प्रबंधन और इंजीनियरिंग के लिए जरूरी जीआरई तथा जीमैट जैसी प्रतियोगी प्रतियोगिताओं की तैयारी के लिए उपयोगी टिप्स दिए। इससे विद्यार्थी देश और विदेशों के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों में आसानी से दाखिला पा सकते हैं।

**NEWS CLIPPING: 25, 26 & 27.01.2017**

**DAINIK BHASKAR**

# गणतंत्र दिवस समारोह की परेड में हरियाणा पुलिस (महिला) की टुकड़ी रही प्रथम, 7 स्कूल पुरस्कृत

## विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर कार्य करने वाले लोगों को मुख्य संसदीय सचिव डा. कमल गुप्ता ने सम्मानित किया

भास्कर न्यूज | फरीदाबाद

गणतंत्र दिवस पर शहर में कई जगह देशभक्ति का संदेश देते कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान देश पर जान न्यौछावर करने वाली शहीद जवानों को नमन कर देश की एकता और अखंडता का संकल्प लिया गया। सेक्टर-12 स्थित खेल परिसर में आयोजित जिला स्तरीय समारोह में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर कार्य करने वाले लोगों को मुख्य संसदीय सचिव डा. कमल गुप्ता ने सम्मानित किया।

**प्रगति पथ पर आगे बढ़ रहा प्रदेश**

सेक्टर-12 में आयोजित समारोह में मुख्य संसदीय सचिव डा. कमल गुप्ता ने बतौर मुख्य अतिथि ध्वजारोहण कर परेड का निरीक्षण किया। मार्चपास्ट की सलामी ली। उन्होंने जिलाप्रशासन की ओर से स्वतंत्रता सेनानियों, सैन्य परिवारजनों, वीरांगनाओं, गैलेंट्री अवार्ड विजेताओं, उत्कृष्ट खिलाड़ियों, ग्रामपंचायतों व समाज सेवियों को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र भेंटकर सम्मानित किया। दर्जनभर टुकड़ियों ने मार्चपास्ट किया। हरियाणा पुलिस (महिला) की टुकड़ी को प्रथम, राजकीय महाविद्यालय एवं आईटीआई की एनसीसी आर्मी सीनियर की टुकड़ी को द्वितीय व डीएवी शताब्दी कॉलेज की एनसीसी नेवल सीनियर गर्ल्स की टुकड़ी को तृतीय स्थान मिलने पर पुरस्कृत किया गया। डा. गुप्ता ने समारोह में भाग लेने वाले बच्चों के लिए 2 लाख रुपए व समारोह आयोजन हेतु 1 लाख की राशि स्वैच्छिक कोष से देने की घोषणा की। उन्होंने सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने वाले सभी 7 स्कूलों को पुरस्कृत किया।

**संस्कृत व संस्कृति से देश मजबूत :** सिद्धदाता आश्रम स्थित सुदर्शनाचार्य वेद वेदांग संस्कृत महाविद्यालय में आयोजित ध्वजारोहण कार्यक्रम में स्वामी पुरुषोत्तमाचार्य महाराज ने कहा कि आज पूरा विश्व भारत की ओर देख रहा है। लेकिन भारतवासियों को भी उनकी उम्मीदों पर खरा उतरना होगा। इसके लिए हमारे पास विरासत का सहारा है, यानि संस्कृति और संस्कृत। इतिहास गवाह है कि संस्कृत और संस्कृति के बल पर ही भारत विश्वगुरु रहा है। उन्होंने महाविद्यालय के शिक्षकों व छात्रों को पारितोषिक भी प्रदान किया।

**एकता-अखंडता का संकल्प**

सेक्टर-11 स्थित कुशवाहा समाज पर झंडारोहण किया गया। संस्था के प्रधान ब्रह्मदेव कुशवाहा ने सभी को राष्ट्र की एकता अखंडता बनाए रखने का संकल्प लिया। शहीदों को श्रद्धांजलि दी।

वाईएमसीए विश्वविद्यालय में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में इलाहाबाद विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डा. एचपी तिवारी विशिष्ट अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने विश्वविद्यालय परिसर में ध्वजारोहण किया।

**आरडब्ल्यूए ने मनाया गणतंत्र दिवस :** सेक्टर-21-ए की वेलफेयर कल्चरल एंड रिक्रिएशनल एसोसिएशन ने गणतंत्र दिवस समारोह मनाया। इसकी अध्यक्षता प्रधान गजराज नागर ने की। सेक्टर-8 के स्मृति पार्क में गणतंत्र दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। इसमें युवा भाजपा नेता अमन गोयल ने ने ध्वजारोहण किया। डा. बीआर अंबेडकर एजूकेशन सोसाइटी ने भी गणतंत्र दिवस मनाया। मानव रचना शैक्षणिक संस्थान में स्किल इंडिया थीम के तहत स्टूडेंट्स के प्रोजेक्टों का प्रदर्शन करते हुए झांकियां निकाली गईं। मानव रचना की झांकी का नेतृत्व दूसरे साल का स्टूडेंट आयुष एक इलेक्ट्रिक स्कूटर पर बैठकर किया, जो खुद इसी स्टूडेंट द्वारा बनाई गई।



फरीदाबाद. गणतंत्र के अवसर पर सेक्टर 12 खेल परिसर में कार्यक्रम प्रस्तुत करतीं छात्राएं।